दिनांक : 14.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को अपना परिवार बताया हैं आज असम के दरांग में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमेंत्री ने कहा कि जनता उनकी मालिक हैं उन्होंने असम में 18 हजार 350 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कियां प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की दूरगामी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएं बनाई जा रही हैं जीएसटी सुधारों का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगीं

..........................................................................

राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन आज से तिरुपति में आयोजित किया जा रहा हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन का उद्घाटन कियां दो दिन के इस सम्मेलन में संसद, राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के विधान मंडलों में महिला सशक्तिकरण समितियों के अध्यक्ष भाग ले रहे हैं सम्मेलन में देशभर से आए सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल हैं पहली बार हो रहे इस सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण से जुड़ी नीतियों और पहलों को लेकर साझा रणनीति बनाने पर मंथन किया जाएगां इसके साथ ही महिलाओं के सशक्त भविष्य के लिए ठोस संकल्प तय किये जाएंगें

..........................................................................

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि प्रदेश में स्थानीय निकायों के चुनाव अगले साल की शुरूआत में होंगें कल झुंझुनूं दौरे पर रहे श्री खर्रा ने सिंघाना में ये जानकारी दीं पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि निकायों में वॉर्डों के पुनर्गठन का काम पूरा हो चुका हैं 15 दिसम्बर के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव के लिए पत्र लिखा जाएगां उन्होंने कहा कि एक राज्य–एक चुनाव के तहत अब प्रदेश के सभी निकायों में एक साथ चुनाव करवाए जाएंगें

..........................................................................

राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं है, यह देश की पहचान और मूल्यों की जीवंत विरासत भी हैं श्री मोदी ने लोगों से अपील की है कि वे हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाएं और इन्हें भावी पीढ़ी तक पहुँचाने का संकल्प लें

गृहमंत्री अमित शाह ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि हिंदी देश की भाषाओं और बोलियों के बीच सेतु का काम करती हैं हिन्दी राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देती हैं गृहमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया, ई–गवर्नेंस, और मशीन लर्निंग के इस युग में, सरकार भारतीय भाषाओं को भविष्य के लिए सक्षम बना रही हैं

हिन्दी दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में आयोजित किया जा रहा हैं उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा इसमें भाग ले रहे हैं प्रदेशभर में अनेक स्थानों पर हिन्दी दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम रखे गये हैं

..........................................................................

राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान जयपुर अलवर, जालौर और सवाईमाधोपुर जिलों में कहीं–कहीं बूंदाबांदी दर्ज हुईं अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क रहां मौसम विभाग के अनुसार बारिश का दौर थमने से कुछ स्थानों पर दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई हैं श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस वहीं अलवर में 36 डिग्री सेल्सियस रहां न्यूनतम तापमान ज्यादातर स्थानों पर औसतन 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहां

..........................................................................

एशिया कप क्रिकेट टी–ट्वेंटी टूर्नामेंट में आज भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने–सामने होंगीं ग्रुप–ए का ये मैच रात आठ बजे से दुबई में खेला जाएगां इस साल फरवरी के बाद दोनों टीमें पहली बार भिड़ेंगीं

..........................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात 28 सितम्बर को होगां यह इस कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 26 सितम्बर तक स्वीकार किए जाएंगें

..........................................................................